मि.सं. 6-3/2017-18- राष्ट्रीय संगोष्ठी

संख्या/No.

तार : राजभाषा
Tele : Rajbhasha
फोन/Phone : 26178454, 261052
26105213, 26105214, 261052
26105312, 26105245, 261055
फैक्स/Fax : 26100758, 261031
26102575
www.hindinideshalaya.nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
CENTRAL HINDI DIRECTORATE
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT)
(उच्चतर शिक्षा विभाग)
(DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION)
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम, WEST BLOCK-VII, RAMA KRISHNA PURAM
नई दिल्ली/NEW DELHI-110066 दिनांक/DATED : 21-7-17

सेवा में,

कुलपति,
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
कोनी- बिरकोना मार्ग
बिलासपुर, छत्तीसगढ-495009

विषय:- पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ, बिलासपुर में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ।

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भ में कृपया आप अपने दिनांक 06.05.2016 के पत्र का संदर्भ देखें । आपके प्रस्तावानुसार विलासपुर में 24, 25 एवं 26 अगस्त, 2017 को प्रस्तावित तिथियों पर संगोष्ठी का आयोजन केंद्रीय हिंदी निदेशालय तथा पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा सकता है। संगोष्ठी हेतु निदेशालय निम्नानुसार वित्तीय भार स्वयं वहन करेगा :-

1. 08 वाह्य विद्वानों को नियमानुसार यात्रा भत्ता (ए.सी. टु टियर का रेल किराया) तथा दैनिक भत्ता एवं रूपये 1,000/- प्रतिदिन की दर से 03 दिनों का मानदेय ।
2. 10 स्थानीय विद्वानों को नियमानुसार स्थानीय यात्रा भत्ता तथा रूपये 1,000/- प्रतिदिन की दर से 03 दिनों का मानदेय ।
3. 03 दिनों के वर्किंग लंच, चाय तथा जलपान हेतु (150x3x100= 45,000/-) अधिकतम ।
4. संगोष्ठी संयोजक को 03 दिनों का मानदेय के रूप में रूपये 1,500/- (रूपये 500/- प्रतिदिन)
5. बैनर, निमंत्रण पत्र तथा लेखन सामग्री आदि हेतु रूपये 3,000/-

सभी भुगतान संगोष्ठी संपन्न होने पर बिल प्राप्त होने पर ई.सी. एस. द्वारा किए जाएंगे ।

संगोष्ठी में पर्याप्त संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा हिंदी प्रेमियों की उपस्थिति एवं स्थानीय प्रचार सुनिश्चित कराना आपका दायित्व होगा । आमंत्रित विद्वानों तथा निदेशालय से वहाँ पहुँचने वाले अधिकारियों को ठहराने की समुचित व्यवस्था कराना अपेक्षित है । संगोष्ठी का अनुमानित प्रारूप इस प्रकार है:-

विषय	:	**हिंदी के बहुप्रयुक्त रूप: वैज्ञानिकता एवं संभावनाएं**
तिथि	:	**24 , 25 एवं 26 अगस्त, 2017**
समय	:	**9.30 बजे से अपराहन 4.30 बजे तक**
स्थान	:	**पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ**

संगोष्ठी में भाग लेने वाले बाह्य विद्वान/विदुषी इस प्रकार है :-

हिंदी भाषी

1. डॉ. श्रीराम परिहार, खंडवा
2. प्रो. टी.एन.शुक्ल, जबलपुर
3. प्रो. आनन्द त्रिपाठी, सागर
4. डॉ. नीरज खरे, बनारस

हिंदीतर भाषी

1. प्रो. अरूण होता, कोलकाता
2. प्रो. ए.आर. अरविंदाक्षन, तिरूवनंतपुरम, केरल
3. प्रो. के.के. सिंह, वर्धा
4. डॉ. रविन्द्र कात्यायन, मुंबई

स्थानीय विदवानों के नाम इस प्रकार है:-

1. डॉ. राजेन्द्र मिश्र
2. डॉ. कनक तिवारी
3. डॉ. सुशील त्रिवेदी
4. श्री रमेश नैयर
5. प्रो. चितरंजन कर
6. प्रो. के.एल. वर्मा
7. श्री नंदकिशोर शुक्ल
8. प्रो. शैल शर्मा
9. श्री गिरिश पंकज
10. डॉ. सुधीर शर्मा

डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति का नाम संगोष्ठी के स्थानीय संयोजक के रूप में चुना गया है। आमंत्रित सभी विद्वानों को अपना वक्तव्य सुलिखित/टंकित रूप में प्रस्तुत करना होगा, जिसे स्थानीय संयोजक द्वारा संगोष्ठी रिपोर्ट के साथ निदेशालय के प्रतिनिधि को सौंपा जाएगा । संगोष्ठी हेतु सभी बाह्य विद्वानों को निदेशालय द्वारा आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। आपसे संगोष्ठी में पधारे सभी आमंत्रितों को ठहराने की व्यवस्था कराने की अपेक्षा की जाती है। संगोष्ठी में निदेशालय की ओर से डॉ. अनुराधा सेंगर, सहायक निदेशक, अपने एक सहयोगी श्रीमती रूमा शारदा, सहायक के साथ बिलासपुर पहुचेगीं ।

संगोष्ठी के प्रयोजनार्थ, बैनर का नमूना पीछे दिया गया है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ. अनुराधा सेंगर)
सहायक निदेशक

संलग्न:- यथोपरि

प्रतिलिपि:- डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ ।

बैनर का नमूना

भारत सरकार

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

नई दिल्ली

तथा

पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय,बिलासपुर, छत्तीसगढ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

विषय :	**हिंदी के बहुप्रयुक्त रूप: वैज्ञानिकता एवं संभावनाएं**
तिथि :	**24 ,25 एवं 26 अगस्त, 2017**
समय :	**9.30 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक**
स्थान :	**पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय,बिलासपुर, छत्तीसगढ**

प्रवेश नि:शुल्क